प्रेस नोट संख्या 25

दिनांक 13.09.2024

सराहनीय कार्य थाना इन्हौना पुलिस जनपद अमेठी

थाना इन्हौना द्वारा चोरी के विभिन्न प्रकार के आभूषण, 01 अदद मोटरसाइकिल व 12038 रुपये के साथ 02 शातिर चोर गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 13.09.2024 को उ0नि0 रामसागर पटेल थाना इन्हौना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुर्गीदाना फैक्ट्री मोड़ हजारीगंज बार्डर के पास से अपाची मोटरसाइकिल सवार 02 अभियुक्तों 1.जुम्मन अली पुत्र रज्जब अली उम्र 20 वर्ष व 2.अब्बास अली पुत्र जफर हुसैन उम्र 21 वर्ष निवासीगण भीखीपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त जुम्मन अली के कब्जे से 1000 रुपये, पीछे बैठे अभियुक्त अब्बास अली के कब्जे से 300 रुपये व हाथ में लिए झोले से 01 जोड़ी झुमकी पीली धातु, 01 अदद लैकेट मंगलसूत्र पीली धातु, 07 जोडी पायल सफेद धातु, 01 जोड़ी पुरानी पायल सफेद धातु, 08 बिछुआ सफेद धातु, छुल्ला बच्चे का घुंघुरू लगा हुआ सफेद धातु, 04 पैकेट बादाम, 02 डिटर्जेंट टिकिया, एक पन्नी में रेजगारी 1 रू0 के 289 सिक्के, 2 रू0 के 379 सिक्के, 5 रू0 के 93, 10 रू0 के 80 सिक्के, 5 रू0 36 नोट, 10 रू0 के 04 नोट, 02 रू0 के 03 नोट, 100 रू0 के 37 नोट, 500 रू0 की 09 नोट, 01 अदद आधार कार्ड जिस पर मो0 तमीम नाम अंकित है, 01 अदद पुरानी पासबुक बरामद हुई।

बरामद सामान व रूपये के संबंध में पूछने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि यह जेवरात हमलोगों ने ग्राम बहादुरपुर मजरे खारा से एक घर से चोरी किये थे इसमें से कुछ जेवरात हमलोगों ने अपनी मजबूरी बताते हुए राह चलते लोगों को बेंच दिये थे। बरामद सिक्के पुरानी नोटें, बादाम व साबुन 02 दिन पहले रात में अपने ही गांव में एक परचून की दुकान में घुसकर गल्ले में रखे रुपये, पासबुक व आधार कार्ड चोरी किये थे। बचे हुए रुपये व सिक्के उन्हीं चोरियों के है जिसमें से कुछ रुपये हमलोगों ने खर्च कर दिये है। मोटरसाइकिल अपाची यूपी 36 पी 2882 के कागजात मांगने पर दिखा न सके तथा मोटरसाइकिल के बारे में पूछने पर बताये कि यह मोटरसाइकिल हम दोनो ने दिनांक 28.07.2024 की रात्रि को बस स्टेशन जेर मस्जिद जायस से चुराई थी पकड़े जाने के डर से नम्बर प्लेट बदल दिया था। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी स्थानः- मुर्गीदाना फैक्ट्री मोड़ हजारीगंज बार्डर **दिनांकः-** 13.09.2024 **समयः-** 10:20 बजे दिन

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-

1. जुम्मन अली पुत्र रज्जब अली उम्र 20 वर्ष।
2. अब्बास अली पुत्र जफर हुसैन उम्र 21 वर्ष निवासीगण भीखीपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी।

बरामदगी-

- चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल आपाची (कूटरचित नम्बर प्लेट लगी हुई)।
- 01 जोड़ी झुमकी पीली धातु, 01 अदद लैकेट मंगलसूत्र पीली धातु, 07 जोडी पायल सफेद धातु, 01 जोड़ी पुरानी पायल सफेद धातु, 08 बिछुआ सफेद धातु, 01 अदद छुल्ला बच्चे का घुंघुरू लगा हुआ सफेद धातु।
- 04 पैकेट बादाम, 02 डिटर्जेंट टिकिया।
- एक पन्नी में रेजगारी सहित कुल 12038 रुपये।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

1. मु0अ0सं0 71/24 धारा 305, 317(2), 318, 319 बीएनएस थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 117/24 धारा 305 बीएनएस थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 251/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना जायस जनपद अमेठी।

पुलिस टीम-

1. उ0नि0 रामसागर पटेल थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
2. का0 विनोद मौर्या थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
3. का0 शेरुम अंसारी थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
4. का0 शिव भरत सिंह थाना इन्हौना जनपद अमेठी।
5. का0 अखिलेश पाल थाना इन्हौना जनपद अमेठी।

आपराधिक इतिहास- अभियुक्त जुम्मन अली

1. मु0अ0सं0- 297/22 धारा 380,411 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0-279/22 धारा 380,457,411 भादवि थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0-300/22 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. मु0अ0सं0-240/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।